दैनिक ट्रिब्यून

The Tribune ਪੰਜਾਬੀ ਟ੍ਰਿਬਿਊਨ

बुक डिपो पर एनसीईआरटी की 152 नकली किताबें पकड़ी

सीएम फ्लाइंग ने सोमवार को शहर के मुख्य बाजार स्थित बुक डिपो पर छापा मारा और एनसीईआरटी की 152 नकली किताबें पकड़ी। सीएम फ्लाइंग टीम ने कार्रवाई के लिए पुलिस व आला अधिकारियों को शिकायत दी। बुक डिपो पर सीएम फ्लाइंग की रेड की सूचना मिलते ही दूसरे बुक डिपो संचालकों में हड़कंप मच गया। कई बुक डिपो संचालक अपनी दुकानों के शटर डाउन कर चले गए। एनसीईआरटी अधिकारी प्रकाश वीर व पदम सिंह भाटी की टीम ने दो बुक डिपो पर किताबों की जांच की गई। एक बुक डिपो पर टीम को कक्षा नौवीं, दसवीं, ग्यारहवीं और बारहवीं की 25 प्रकार की कुल 152 नकली किताबें मिली हैं। इन किताबों पर एनसीईआरटी का नकली लोगो लगाकर विद्यार्थियों को महंगे दामों पर बेचा जा रहा था। सिटी थाना पुलिस में शिकायत दी है।

Source: https://www.dainiktribuneonline.com/news/haryana/152-fake-ncert-books-caught-at-book-depot/